मांग संख्या 42

मुख्य शीर्ष 5054

मद कमांक 1

वृहद पुलों के निर्माण के अंतर्गत निम्नानुसार व्यय संभावित है । यह व्यय विभागीय बचत से किया जावेगा ।

1. जिला बस्तर ग्राम-कुंभली, बडे़चकवा मार्ग पर इंद्रावती नदी में पुल निर्माण- अनुमानित लागत 250.00 लाख । इस वर्ष रूपये 50.00 लाख का व्यय संभावित है ।
2. जिला जशपुर-डूमरकोना से आस्ता मार्ग पर इंद्रावती नदी में बड़ा पुल निर्माण अनुमानित लागत-रूपये 613.00 लाख । इस वर्ष रूपये 63.00 लाख का व्यय संभावित है ।
3. जिला कोरिया-गोइनी-मुरकिल मार्ग पर गोपद नदी पर पुल निर्माण अनुमानित लागत रूपये 351.00 लाख । इस वर्ष रूपये 51.00 लाख का व्यय संभावित है ।

अतः उक्त प्रयोजन हेतु 300 के प्रतीक अनुपूरक अनुदान की आवश्यकता है ।

मद कमांक 2

राज्य शासन व्दारा जिला कबीरधाम बोड़ला - मोहगांव प्रतापपुर मार्ग लंबाई 16.20 कि.मी. में डब्ल्यू.बी.एम. एवं डामरीकरण कार्य कराने का निर्णय लिया गया है जिसकी अनुमानित लागत रूपये 290.00 लाख है । इस वर्ष रूपये 90.00 लाख का व्यय संभावित है । यह विभागीय बचत से किया जावेगा । यह अपरीक्षित नवीन मद है ।

अतः इस प्रयोजन हेतु रूपये 100 के प्रतीक प्रावधान की आवश्यकता है ।